# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

20.06.2024 समय : 1850

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कल मनाया जाएगा–मुख्य समारोह पोर्ट ब्लेयर के गर्ल्स स्कूल में आयोजित होगा।
- द्वीपसमूह के छियालीस केन्द्रों में योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित होंगे।
- केंन्द्र सरकार ने चौदह फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने का निर्णय लिया है।
- समाज कल्याण विभाग ने पेंशन प्राप्त करने वाले विभिन्न पेंशनभोगियों से जीवन प्रमाणपत्र पन्द्रह जुलाई तक जमा करने को कहा है।
- एम वी सिंधु बाईस जून को सुबह आठ बजे मायाबंदर और डिगलीपुर होते हुए कोलकाता जाएगा।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कल मनाया जाएगा। इस सिलसिले में द्वीपसमूह के छियालीस प्रमुख स्थलों पर योगाभ्यास किया जाएगा। मुख्य समारोह पोर्ट ब्लेयर के गर्ल्स स्कूल सभागार में कल सुबह छः बजे से आठ बजे तक आयोजित होगा। द्वीपसमूह में ज़िला प्रशासन और ज़िला स्वास्थ्य सोसाइटी की ओर से संबंधित जिलों के विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास और निदर्शन कार्यक्रम आयोजित होगा। सभी स्वास्थ्य संस्थानों, विभिन्न केन्द्र सरकार के कार्यालयों, संगठनों और गैर–सरकारी संगठनों की ओर से भी अलग–अलग स्थानों पर दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। सभी सरकारी कर्मचारियों और आम जनता से कल सुबह छः बजे से अपने नजदीकी स्थानों में योग सत्र में भाग लेने का अनुरोध किया गया है।

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी ग्राम पंचायत प्रधानों को लिखे अपने पत्र में उनसे योग और मोटा अनाज के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता उत्पन्न करने का अनुरोध किया है।

उधर, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कल आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इसमें भाग लेने के सिलसिले में आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर से इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। इसे देखते हुए कल सुबह का प्रादेशिक समाचार बुलेटिन सात बजकर पन्द्रह मिनट के स्थान पर कल सुबह साढ़े छः बजे प्रसारित होगा।

<><><><><><><>

केन्द्र सरकार ने चौदह फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने, महाराष्ट्र का वधावन बंदरगाह और गुजरात तथा तमिलनाडु में समुद्र तट के पास पहला पवन टर्मिनल विकसित करने का निर्णय लिया है। सरकार ने वाराणसी हवाई अड्डे के विकास और राष्ट्रीय फोरेंसिक बुनियादी ढांचा संवर्धन योजना को भी स्वीकृति दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने कैबिनेट बैठक में पांच बड़े फैसले लिये हैं। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने चौदह फसलों पर विपणन सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एम एस पी को स्वीकृति दी है। धान, कपास, बाजरा, दलहन, तिलहन के लिए न्यूनतम

समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि से किसानों को लाभ होगा। उन्होंने बताया कि सरकार देशभर में दो लाख गोदाम बनाने पर भी काम कर रही है।

<><><><><><>

सरकार ने जून दो हजार चौबीस यूजीसी—नेट परीक्षा रद्द कर दी है। यह परीक्षा बाद में नए सिरे से आयोजित की जाएगी, जिसकी जानकारी अलग से दी जाएगी। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र द्वारा दी गई जानकारी के बाद यूजीसी—नेट परीक्षा रद्द की गई है, क्योंकि परीक्षा की विश्वसनीयता से समझौता नहीं हो सकता। यह मामला गहन जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपा जा रहा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने अट्ठारह जून को देश के विभिन्न शहरों में दो पालियों में यूजीसी—नेट परीक्षा आयोजित की थी। गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र की राष्ट्रीय साइबर अपराध विश्लेषण इकाई को कल परीक्षा में गड़बड़ी की कुछ जानकारी मिली थी, जिसके बाद इसे रद्द कर दिया गया।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैंकिंग क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की भूमिका की सराहना की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म माई जी ओ वी इंडिया पोस्ट में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लाभ अर्जन दर्शाए जाने पर इसकी प्रशंसा की। आंकड़ों के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक का दो हजार तेरह—चौदह में दस हजार आठ सौ करोड़ रुपये से अधिक का लाभ बढ़कर दो हजार तेईस—चौबीस में इकसठ हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया। सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य बैंकों ने भी पिछले दस वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। इसके अलावा पिछले साल निफ्टी पीएसयू बैंक सूचकांक में बयासी प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई।

<><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की ओर से वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं, बेसहारा महिलाओं और दिव्यांगजनों को ढाई हजार तथा तीन हजार रूपये प्रतिमाह की दर से पेंशन व वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। ये लाभ प्राप्त करने के लाभार्थियों से निर्धारित प्रपत्र में जीवन प्रमाणपत्र जमा करने को कहा गया है। इसके लिए प्रपत्र सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, डॉलीगंज स्थित शहरी सी डी पी ओ के कार्यालय के अलावा फरारगंज, रंगत, डिगलीपुर और कार निकोबार के कार्यालयों में उपलब्ध है। लाभार्थियों से नजदीकी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के समक्ष जीवन प्रमाण पत्र में हस्ताक्षर कर इसे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को सौंपने का अनुरोध किया गया है, ताकि संबंधित क्षेत्रों के मुख्य सेविका के माध्यम से इसे सी डी पी ओ कार्यालय में जमा किया जा सके। लाभार्थी प्रपत्र के साथ हस्ताक्षरित जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए किसी भी कार्यालय में जाने के बजाय सिर्फ नजदीकी आंगनवाड़ी केन्द्र में जाकर इसे जमा कर सकते हैं। चलने—फिरने में असमर्थ लाभार्थी फार्म जमा न कर सकने की स्थिति में इसकी सूचना आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को दे सकते हैं, ताकि समाज कल्याण विभाग का प्रतिनिधि उनके घर जाकर जीवन प्रमाणपत्र हासिल कर सके। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के पास प्रमाणपत्र पन्द्रह जुलाई तक जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद जीवन प्रमाणपत्र जमा न करने पर पेंशन लाभ रोक दिया जाएगा।

<><><><><><>

सरकारी ज़मीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ आरंभ की गई मुहिम के तहत लिटिल अंडमान में हाल ही में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान हटबे गांव में अतिक्रमण किए गए ज़मीन को खाली कराया गया। दक्षिण अंडमान के ज़िला उपायुक्त ने आम जनता से ऐसी सभी अवैध गतिविधियों से दूर रहने और इन गतिविधियों में शामिल लोगों के बारे में जानकारी देने के लिए ज़िला प्रशासन से संपर्क करने का अनुरोध किया है।

<><><><><><>

एम वी सिंधु बाईस जून को सुबह आठ बजे मायाबंदर और डिगलीपुर होते हुए कोलकाता जाएगा। अतिरिक्त सामान की जांच कल दिन में दो बजे से चार बजे तक की जाएगी। यात्रियों की स्वास्थ्य परीक्षा बाईस जून की सुबह छः बजे से आरंभ होगी।

<><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान पोर्ट ब्लेयर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. के. सरवनन को डॉ. सी वी कुलकर्णी बेस्ट यंग साइंटिस्ट अवार्ड दो हजार तेईस से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर पर मत्स्यिकी और उससे सम्बद्ध विज्ञान के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है। मुम्बई के केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान के चौंसठवें स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि ए एस आर बी, नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने डॉ. के सरवनन को इस पुरस्कार से सम्मानित किया।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। मायाबंदर में आज सुबह साढ़े आठ बजे पैंतीस मिलीमीटर, पोर्ट ब्लेयर में सात दशमलव आठ, लांग आइलैंड और ननकौड़ी में छः दशमलव तीन, हटबे में पांच दशमलव आठ और वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में एक मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। सत्ताईस जून के सुबह साढ़े आठ बजे तक मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी। कुछ स्थानों पर तेज हवाएं चलने और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

<><><><><><>